Regarding setting up of a Maize Processing Unit in Rajnandgaon Parliamentary Constituency, Chhattisgarh-Laid

श्रीसंतोषपांडेय **(**राजनंदगाँव**) :**मक्का प्रसंस्करण मेरे संसदीय क्षेत्र राजनांदगांव के नवीन एवं अनुसूचित जिला मानपुर- मोहला- अम्बागढ़ चौकी पूर्णत : आदिवासी जिला है, जहाँ वनोपज, खनिज की बहुतायत तो है ही वातावरण और जलवायु के अनुकूल मक्का की खेती बहुतायत में की जाती है।किन्तु मक्का की प्रसंस्करण इकाई न होने व बिचौलियों के कारण मक्का उत्पादक कृषकों को उनकी फसल का उचित मूल्य प्राप्त नहीं होता है।उन्हें फसल का व्यापारी व बिचौलियों को औने-पौने दाम पर बेचने को मजबूर होना पड़ता है।उक्त स्थिति से कृषकों को उबारने व मक्का खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मक्का प्रसंस्करण इकाई आरम्भ किये जाने की नितांत आवश्यकता है।मक्का से तैयार अन्य उत्पादों की बाजार में बहुत मांग है तथा इसके लिए मार्केटिंग की भी आवश्यकता नहीं पड़ती है।अत : मेरा आग्रह है कि राजनंदगांव संसदीय क्षेत्र के जिला मोहला- मानपुर - चौकी में मक्का प्रसंस्करण इकाई स्वीकृत करने का कष्ट करें।